वर्ष 17 | अंक 95 | पृष्ठ : 18
मूल्य : पांच रुपये
वाराणसी
सोमवार, 22 अप्रैल 2019
अमर उजाला
amarujala.com
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण
विश्व पृथ्वी दिवस

नगर के बलिया मोड़ स्थित मैरिज हाल में ज्ञान की खोज कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता कराते अविनाश। अमर उजाला

सफलता के लिए लक्ष्य तय करें

मऊ। नगर के बलिया मोड़ स्थित प्रसाद वाटिका में डिस्कवरी ऑफ नॉलेज के तत्वाधान में रविवार को मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लिम्का ऑफ बुक से सम्मानित डॉ. वीआर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय व्हील चेयर के अध्यक्ष डॉ. अभयप्रताप सिंह और डीजीएम प्रवीण सिंह मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा आप में कोई आईएएस बनना चाहता होगा, कोई आईपीएस तो कोई डाक्टर। आप अपने सोचे गए लक्ष्य को तभी पा सकते है, जब आप इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करे। फिर इसे पाने के लिए जीतोड़ मेहनत करे। इसके बाद मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा नवंबर 2018 में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में अभिजीत पाल को 15 हजार रुपये नकद, दूसरे स्थान पर रहे पूजा मौर्या को 10 हजार रुपये तथा तीसरे स्थान पर रही खुशबू चौहान को 5 हजार रुपये नकद का पुरस्कार दिया गया। वहीं प्रतियोगिता में भाग लिए 100 मेधावी छात्रों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डिस्कवरी ऑफ नॉलेज के जिला समन्वयक अविनाश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो